# दिनांक 25.05.2026 को जिलाधिकारी, महोदय, प्रयागराज के अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज के अध्यक्षता में दिनांक 25.05.2026 को DWSM की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारीगण उपस्थित हुये :—

**1—मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।**
**2—प्रशिक्षु आई.ए.एस. अधिकारी।**
**3—अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे प्रयागराज।**
**4—अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**5—अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**6—जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, प्रयागराज।**
**7—समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**8—प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, प्रयागराज।**
**9—प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, प्रयागराज।**
**10—प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (जे0वी0), प्रयागराज।**
**11—प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0, अहमदाबाद।**
**12—टीम लीडर एवं डी0पी0एम0, मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,(टी0पी0आई0) प्रयागराज।**
**13—अन्य अधिकारी गण (जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य)।**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की निम्नलिखित बिन्दुओ की समीक्षा की गयी:—

**1—भूमि की उपलब्धता :**

जनपद में जल जीवन मिशन की पेयजल योजनाओं हेतु जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 द्वारा अवगत कराया गया कि 18 स्थान पर स्थानीय अवरोध व स्थान पर भूमि अनुपलब्ध होने के कारण कब्जा नहीं मिल पा रहा है। जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे के माध्यम से सम्बंधित उपजिलाधिकारियों की वर्चुअल मीटिंग कराकर अनुपलब्ध/विवादित भूमि का निस्तारण कराए।

**2—जल जीवन मिशन फेज—2 में कार्यरत मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 के कार्यों की समीक्षा—**

जनपद में फेज—2 के कार्य मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, चेन्नई द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें 664 नग पेयजल योजना का निर्माण किया जाना है।

- पी0एम0 मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को स्पष्ट निर्देश दिए गये कि गर्मी का मौसम आ गया है रेगुलर वाटर सप्लाई बढ़ाये जिससे ग्रामीण जनता को लाभ मिल सके व लीकेज की समस्या को सुधार करने में विलम्ब न किया जाए इसे तत्काल सुधार किया जाए।

**3—"जल जीवन मिशन फेज—4 में सतही स्रोत ग्राम समूह पेयजल योजनाओं (यमुना तथा गंगा) के कार्यो के समीक्षा—**

**(अ) सतही स्रोत (यमुना) ग्राम समूह पेयजल योजना**—जनपद में फेज—4 के कार्य मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान द्वारा कराया जा रहा है।

- डी0 पी0 एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान द्वारा अवगत कराया गया कि इन्टेक वेल का कार्य 72 प्रतिशित, WTP का कार्य 80 प्रतिशत और OHT का कार्य 74 के सापेक्ष 30 नग पूर्ण हुआ है एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है।
- डी0 पी0 एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान को निर्देशित किया गया कि लगातार निर्देश के बावजूद भी मानक के अनुसार लेबर कम पाए गये, लेबरो की संख्या में मानक के अनुसार बढ़ोतरी कर सितम्बर माह तक इंटेकवेल, डब्लू0 टी0 पी0 पंप हाउस सम्बंधित कार्य 100 प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें।
- डी0 पी0 एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान को निर्देशित किया गया कि FHTC कनेक्शन प्रदान करना सुनिश्चित करें जनपद प्रयागराज जल जीवन मिशन के अंतर्गत CM DASHBOARD पर इसकी प्रगति C कैटेगरी में है जो कि अत्यंत ही असंतोषजनक है।

**(ब) सतही स्रोत (गंगा) ग्राम समूह पेयजल योजना**—जनपद में फेज—4 के कार्य मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV)हैदराबाद द्वारा कराया जा रहा है।

- पी0एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया कि इन्टेक वेल का कार्य 62 प्रतिशत, WTP का कार्य 77 प्रतिशत और OHT का कार्य 115 के सापेक्ष 34 नग पूर्ण हुआ है एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है।
- मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 के लेबर मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान के तुलना में अधिक है लेकिन गजा पी0 एम0 को भी निर्देश दिया गया की सितम्बर माह तक इंटेकवेल, डब्लू0 टी0 पी0, पंप हाउस सम्बंधित कार्य 100 प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें।

- पी0एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 को निर्देशित किया गया कि FHTC कनेक्शन प्रदान करना सुनिश्चित करें जनपद प्रयागराज जल जीवन मिशन के अंतर्गत CM DASHBOARD पर इसकी प्रगति C कैटेगरी में है जो कि अत्यंत ही असंतोषजनक है।

  डी0 पी0 एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान व पी0एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 को निर्देशित किया गया कि डब्लू टी पी और इंटेक वेल का कार्य 100 प्रतिशत कराकर जहा पर ओ0 एच0 टी0 का कार्य पूर्ण हो गया है, वहां जलापूर्ति करने का प्रयास करें।

**4–सड़क पुर्नस्थापना–**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में सड़क पुर्नस्थापन का कार्य 99 % पूर्ण कराया जा चुका है। जिसमें मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 98.96 % मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान 99.30% मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV)हैदराबाद 99.72 % द्वारा कार्य पूर्ण किया जा चुका है, कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किया गया कि वर्षा ऋतु आने से पहले बचे हुए रोड रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराये टी0पी0आई0 इसकी गुणवत्ता की मानक सुनिश्चित करें।

**5–टी0पी0आई0, मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,प्रयागराज।**

- जल जीवन मिशन के कार्यो के गुणवत्ता हेतु नामित टी0पी0आई0ए0 मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0, प्रयागराज के टी0एल0 द्वारा बताया गया कि मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को कुल 16901 N.C जारी हुआ था जिसके सापेक्ष 16206 N.C का निस्तारण हो गया है तथा 695 N.C का निस्तारण शेष है, मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान द्वारा का कुल 1077 N.C जारी हुआ था जिसके सापेक्ष 843 N.C का निस्तारण हो गया है तथा 223 N.C का निस्तारण शेष है व मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 द्वारा का कुल 1211 N.C जारी हुआ था जिसके सापेक्ष 1165 N.C का निस्तारण हो गया है तथा 46 N.C का निस्तारण शेष है, टी0एल0 टी0पी0आई0ए0 को निर्देशित किया गया कि बचे हुए N.C का निस्तारण कराये व सभी योजनाओं का लगातार अपनी टीम से व स्वयं भ्रमण करते रहे, कही भी गुणवत्ता व रोड रेस्टोरेशन के अपूर्ण होने की सूचना न प्राप्त हो इसे प्राथमिकता के आधार पर फर्मो से सम्पर्क कर कार्य कराना सुनिश्चित किया जाए।
- टी0पी0आई0ए0 मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0, प्रयागराज को निर्देशित किया गया कि अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे से हर सप्ताह समीक्षा कराते रहें।

**6–अन्य बिन्दु–**

- पी0एम0 मेसर्स एल0 सी0 इन्फ्रा को निर्देशित किया गया कि जो शिकायतें आ रही हैं उसके निस्तारण की एक प्रति साप्ताहिक संकलित कर मुख्य विकास अधिकारी को भिजवाना सुनिश्चित करें।
- पी0एम0 मेसर्स एल0 सी0 इन्फ्रा को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र से प्राप्त हो रही पानी लीकेज और मोटर खराब की समस्या का निस्तारण शीघ्रता से कराये।
- अधिशासी अभियंता (वि0/यॉ0) को निर्देशित किया गया कि कार्यदायी संस्था द्वारा जहां पर विद्युत संयोजन हेतु धनराशि जमा कर दी गई है, तत्काल विद्युत संयोजन देने की प्रक्रिया पूर्ण करें और जहां जहां विद्युत संयोजन हेतु धनराशि जमा नहीं की गई है कार्यदायी संस्था धनराशि जमा करना सुनिश्चित करें।
- जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से इंटरलॉकिंग, सी0सी0, बिटुमिनस, बी0 ओ0 ई0 जो काटी गयी थी, मरम्मत करायी गयी है या नहीं सूचना मगवाकर प्रस्तुत करें।
- समीक्षा बैठक में सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया की कार्यदायी संस्था गजा द्वारा नहर की पटरी में जो पाइप बिछाई गई है उसे मानक के अनुसार रोड रेस्टोरेशन नहीं किया गया है उनको कड़े निर्देश दिए गए कि मानक के अनुसार रोड रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण करें और टी0पी0आई0ए0 डी0पी0एम0 को निर्देशित किया गया की मानक का परीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करें।
- जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नल जल मित्र की सूची जिन 11 ब्लॉक की प्राप्त नहीं हुई है, उसे प्राप्त कर डी0सी0डी0पी0एम0यू0 को भिजवाना सुनिश्चित करें इसके साथ ही सभी पंचायत सेक्रेटरी को अपने माध्यम से निर्देशित करें कि जल निगम ग्रामीण के अवर अभियंता द्वारा प्राप्त जल आकलन मिनट्स ऑफ मीटिंग को पोर्टल पर शत प्रतिशत अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
- जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में सोलर पैनल आदि की चोरी की घटनाये ज्यादा हो रही है, उनके प्रधानो की बैठक कर ग्रामवासियों को जागरूक किया जाए।
- अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि जल सारथी एप का जनपद में व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए जिससे कि जल जीवन मिशन से सम्बंधित शिकायतों से अवगत करा सके व उसका त्वरित निस्तारण कराया जा सकें।

● अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), को निर्देशित किया गया कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से प्राप्त एफ0टी0के0 किट समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करें, नल जल मित्र व जल आकलन, RPWSS-ID, ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर सरपंच और पंचायत सेक्रेटरी की लागिन, वाटर टेस्टिंग शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें।

06.06.26

(मनीष कुमार वर्मा)
जिलाधिकारी
प्रयागराज।

पृ0सं0 1262 / M-03 / 105 दिनांक 08/06/26

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
2–अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
3–अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,प्रयागराज।
4–महाप्रबन्धक, जलकल नगर निगम, प्रयागराज।
5–जिला पंचायतराज अधिकारी, प्रयागराज।
6–अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–प्र0 / द्वि0, जार्ज टाउन / हण्डिया / फाफामऊ / मेजा, प्रयागराज।
7–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
8–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0 / यां0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
9–जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, प्रयागराज।
10–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, प्रयागराज।
11–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (जे0वी0), प्रयागराज।
12–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, प्रयागराज।
13– प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 सी0 इन्फ्रा प्रा0 लि0, प्रयागराज।
14–टीम लीडर एवं डी0पी0एम0, मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,(टी0पी0आई0) प्रयागराज।

जिलाधिकारी
प्रयागराज।